तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 9.6 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, रविवार, 30 मार्च, 2025

14 समाज के उत्थान में गुरुकुल शिक्षा पद्धति का...



14 पशु चिकित्सक कर रहे नवजीवन की शुरुआत




## खबर संक्षेप



### मैसेज भेजकर 84 हजार ठगने वाले गिरफ्तार

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने एलआईसी के फर्जी एजेंट बनकर 84980 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पंजाब के फिरोजपुर जिले के गांव निदाना गुरप्रीत व बलजिंदर के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपियों ने 9 फरवरी 2025 को एलआईसी के नकली एजेंट बनकर एलआईसी पॉलिसी के रुपये देने बारे सिसाय बोलान निवासी शालिनी के मोबाइल नंबर पर रुपयों का नकली टैक्स्ट मैसेज भेजकर 84980 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### अवैध शराब के 50 पव्वे के साथ एक काबू

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने अवैध देसी शराब के 50 पव्वों के साथ घिराए निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सदर थाना पुलिस ने घिराए गांव में गश्त पड़ताल दौरान शक के आधार पर रोककर एक व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास से देसी शराब के 50 पव्वे बरामद हुए। आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सदर थाना हांसी में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लिया गया है।

### चोरी करने में बालक पुलिस अभिरक्षा में

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने मकान में चोरी करने वाले अपचारी बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस अभिरक्षा में लिए गए अपचारी बालक ने विकास नगर कॉलोनी निवासी उदयवीर के मकान से 20 मार्च को हुक्का, पानी की मोटर सहित लोहे का सामान चोरी कर लिया था। थाना शहर हांसी पुलिस ने अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। बालक को बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेज दिया गया।

## मेयर प्रवीण पोपली ने शहर में शुरू कराया सफाई अभियान

# जल्द खत्म होंगे कचरा प्वाइंट कूड़ा खुले में न डाले : मेयर

### शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए मेयर ने शहरवासियों से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** सफाई अभियान के दौरान कचरा प्वाइंट खत्म करवाते मेयर प्रवीण पोपली।

नगर निगम प्रशासन ने शहर से सभी कचरा प्वाइंट समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही शहरवासियों को खुले में कचरा व पशुओं को चारा न डालने की सलाह दी गई है। मेयर का पदभार ग्रहण करने के साथ ही प्रवीण पोपली ने शनिवार को शहर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए सफाई अभियान शुरू किया और दावा किया कि शहर से सभी कचरा प्वाइंटों को समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान के साथ-साथ शहर में बने सभी कचरा प्वाइंटों को जल्द ही खत्म किया जाएगा। इसकी शुरुआत शनिवार को चार वार्डों से की जा चुकी है। इन सभी प्वाइंटों पर मेयर स्वयं पहुंचे और कहा कि आने वाले समय शहर में किसी भी जगह पर कचरा प्वाइंट नहीं होंगे और इन्हें पूर्णता खत्म किया जाएगा। मेयर प्रवीण पोपली जहां-जहां पहुंचे, शहरवासियों से मिले और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर उन्हें दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि समस्याएं दूर करना हमारा कर्तव्य है वहीं शहर को सुंदर बनाने में नागरिक भी सहयोग करें।

इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने देखा कि कुछ क्षेत्रवासी बेसहारा पशुओं को चारा डाल रहे हैं। तब उन्होंने आग्रह किया कि खुले में चारा न डालें। मेयर प्रवीण पोपली स्वयं हरे चारे की टाल पर पहुंचे और टाल स्वामी से बात की। मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि पार्षद संजय डालमिया द्वारा संचालित संस्था की गाड़ी लगा दी गई है जो गांव चौधरीवास में बनी गोशाला की है। इसमें किसी को पशुओं के लिए चारा डालना है तो उस गाड़ी में डाल दें, खुले में चारा ना डालें।

### गोशाला में डालें हरा चारा

मेयर ने चारा टाल स्वामी से भी आग्रह किया है कि जो भी बेसहारा पशुओं को चारा डालने के लिए आएं, उनसे निवेदन करें कि वह भी इस गाड़ी में चारा डाल दें। उन्होंने शहरवासियों से भी अपील की है कि हरा चारा शहर के आसपास की गोशाला में डालें खुले में न डालें। मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि इसी प्रकार शहर की अन्य गौशाला व हरा चारा टाल के स्वामी से संपर्क करके गाड़ियां लगाई जाएगी।

### ये रहे अभियान में साथ

सफाई अभियान के दौरान पार्षद संजय डालमिया, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद राजेंद्र बिड़लान, पार्षद राजेश रिंकू अरोड़ा, सीएसआई राजकुमार, सफाई कर्मचारी सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### शहरवासियों का सहयोग जरूरी: पोपली

शहर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने सफाई अभियान शुरू किया। निगम प्रशासन हर तरह से शहर को स्वच्छ बनाने का प्रयास करेगा। इसमें शहरवासियों का सहयोग जरूरी है।

-प्रवीण पोपली, मेयर।

### इन जगहों से खत्म किए गए कचरा प्वाइंट

- वार्ड 17 पीएलए से
- वार्ड 16 कैंप मोड़ से
- वार्ड 14 सेक्टर 13 के मोड़ से
- वार्ड 12 आईटीआई चौक से
- वार्ड 13 अर्बन स्टेट-2 एलआईसी कार्यालय के पास से

# सज गए मंदिर, चैत्र नवरात्र आज से

- चैत्र नवरात्र महोत्सव में भव्य अलौकिक तरीके से सजाया गया है श्री काली देवी मंदिर
- कोलकाता व दिल्ली से मंगवाए फूलों से सजाया जाएगा माता रानी का दरबार



**हांसी।** नवरात्रि महोत्सव पर मंदिर परिसर में की गई लाइटों व अन्य साज-सज्जा।

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

चैत्र नवरात्र महोत्सव को लेकर शहर के सबसे प्राचीनतम श्री काली देवी मंदिर परिसर में लाइट व फूलों से मंदिर की भव्य सजावट की गई है। श्री काली देवी मंदिर 30 मार्च से 6 अप्रैल तक बासंतीय नवरात्र महोत्सव मनाया जाएगा। रविवार 30 मार्च को माता रानी का पहला नवरात्रा है। नवरात्रि महोत्सव में 5 अप्रैल को रात 8 बजे नव दुर्गा पाठ के समापन पर मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। तथा 6 अप्रैल को नवरात्रि महोत्सव के समापन पर भंडारा व प्रसाद वितरण का कार्य किया जाएगा।

### लगाई जाती हैं 2000 से ज्यादा अखंड ज्योत

श्री काली देवी मंदिर परिसर में प्रत्येक नवरात्र महोत्सव में श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए अखंड ज्योत प्रज्वलित करवाई जाती है। मंदिर में हर वर्ष श्रद्धालुओं द्वारा 2000 से ज्यादा अखंड ज्योत प्रज्वलित करवाई है। लोगों की आस्था है कि नवरात्रि में अखंड ज्योत प्रज्वलित करने से माता रानी उनकी हर मनोकामना पूर्ण करती है। मनोकामना पूर्ण होने के बाद श्रद्धालु यहां आकर सवामणी का प्रसाद भी लगाते हैं।

# ओएसजीयू में लगेगा मेगा जॉब फेयर, 5 दिन शेष

- युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय परिसर में 4 ,5 और 6 अप्रैल को पुल कैंपस मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय पिछले कुछ सालों से इस तरह के जॉब फेयर का निरंतर आयोजन करता आ रहा है। इस बार के जॉब फेयर को 5 दिन शेष रह गए है। लगभग 50 से ज़्यादा नामी कंपनियों व इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे और हरियाणा के युवकों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान करेंगे। जॉब फेयर में हरियाणा के सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय से पास आउट व फाइनल ईयर के सभी विद्यार्थी भाग ले सकते है । विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एनपी कौशिक और प्रतिकुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर ने बताया कि जॉब फेयर में युवा अपने ज्ञान और कौशल के आधार पर उपयुक्त रोजगार प्राप्त कर सकते है। इस जॉब फेयर में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन ओएसजीयू की वेबसाइट पर करवा सकते है। इस मेगा जॉब फेयर का आयोजन ओ एस जी यू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के इंचार्ज डॉ. अमित नांदल की देख रेख में करवाया जाएगा।

### महिला ने रेल से कटकर की आत्महत्या

**हिसार।** निकटवर्ती गांव सातरोड खास निवासी लगभग 60 वर्षीय महिला ने रेल से कटकर आत्महत्या कर ली। वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान बताई जा रही है। शनिवार को मृतक महिला के परिवार वालों के बयान दर्ज करके पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक महिला अंगूरी देवी के परिवार वालों ने बताया कि घर पर अकेली रहती थी। वह मानसिक रूप से परेशान थी और करीब 15 सालों से दिमाग की दवाई चल रही थी। चार साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी। परिवार वालों ने बताया कि गत शाम समय अंगूरी देवी पक्षियों को दाना डालने की बात कह कर घर से निकली थी लेकिन इसके बाद घर नहीं आई। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली।

# पालतू कुत्ते को घुमाने पर मारपीट

- शोर सुनकर गए बचाने आए चाचा पर किया हमला, 5 पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



**हांसी।** नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन घायल सुल्तान। *फोटो : हरिभूमि*

जींद हांसी स्थित गांव गंगन खेड़ी में पालतू कुत्ते को खेतों में घुमाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के बाद एक पक्ष के लोगों ने कुत्ते को घुमा रहे चाचा भतीजे पर लाठी डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायल चाचा-भतीजा को परिजनों द्वारा उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच घायल गंगन खेड़ी निवासी सुल्तान के बयान पर सतीश की पत्नी रेणु सहित, ईश्वर, सतीश, वीरेंद्र और रामेश्वर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में सुल्तान ने बताया कि 28 मार्च शाम को उसका भतीजा रूपम अपने पालतू कुत्ते को लेकर जमावड़ी रोड पर घुमाने के लिए लेकर जा रहा था। कि गांव के ही वीरेंद्र ने उसे कुत्ते को घुमाने से रोक दिया और उसके साथ मारपीट करने लगा। जब वह अपने भतीजे के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह मौके पर पहुंच अपने भतीजे रुपम को वीरेंद्र के चंगुल से छुड़ाने लगा तो वीरेंद्र के पिता ईश्वर ने उसके सिर में डंडे से हमला कर दिया। सुल्तान का कहना है कि इस दौरान सतीश और उसकी पत्नी ने भी उन पर हमला कर दिया।

# गृह मंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

- प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 31 मार्च को हिसार के अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के दौरे को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा तथा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने अग्रोहा पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा ने बताया गृहमंत्री अग्रोहा मेडिकल कॉलेज परिसर में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण, नवनिर्मित आईसीयू कक्ष का लोकार्पण तथा पीजी हॉस्टल का शिलान्यास करेंगे।



### महिला कॉलेज की छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ सतबीर सांगा ने चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण को नारियल फोड़ कर रवाना किया। शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय की विभिन्न संकायों की पचास छात्राएं, तीन स्टाफ सदस्य साथ गए है। एजुकेशनल टूर सालासर, उदयपुर, माउंट आबू आदि जगह रहेगा। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं को देश की विविध संस्कृति को जानने का मौका मिलता है। प्रत्येक क्षेत्र की अपनी विशेषता होती है। छात्राओं में टूर पर एक दूसरे के समन्वय और सहयोग की भावना भी पनपती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर सतीश सिंगला भी उपस्थित थे।

## लंबे समय से आंदोलन कर रहे किसान-मजदूर

# किसानों व मजदूरों का हल करे सरकार

- अखिल भारतीय किसान सभा व खेत मजदूर यूनियन व सीटू की हुई संयुक्त मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला




**बरवाला।** मीटिंग को संबोधित करते जिला सचिव रोहतास राजली। *फोटो : हरिभूमि*

अखिल भारतीय किसान सभा, खेत-मजदूर यूनियन व सीटू की संयुक्त मीटिंग शनिवार को तीनों संगठनों के नेता बलबीर नम्बरदार, डॉ. मियां सिंह व रामकुमार जांगड़ा की संयुक्त अध्यक्षता में गांव पाबड़ा में सम्पन्न हुई। इस मीटिंग का संचालन किसान सभा के तहसील सचिव कामरेड दयानंद ढुकिया ने किया। मीटिंग में विशेष रूप से किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनिया व खेत-मजदूर यूनियन के जिला सचिव रोहतास राजली उपस्थित रहे। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनिया व खेत मजदूर यूनियन के जिला प्रधान मियां सिंह व सचिव रोहतास राजली ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों व मजदूरों के मुद्दों को हल करने के लिए गम्भीर नहीं है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 13 महीने लम्बे आंदोलन के समय केंद्र सरकार ने तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेते समय एम एस पी की कानूनी गारंटी, बिजली निजीकरण न करने, पराली जलाने पर मुकदमें व जुर्माना न करने, आंदोलन के दौरान हुए मुकदमे रद्द करने, श्रम कानूनों में बदलाव न करने के वायदे किए थे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ओमप्रकाश कूंडू, मास्टर फूल सिंह, सुरेश नम्बरदार, सत्यवान कूंडू, प्रदीप बूरा, राजबीर सिंह, ओमड़, इन्द्र सिंह कुंडू, महिपाल , राधेश्याम , पालेराम , बलजीत सिंह, प्रभु दयाल, चंदगीराम, बलदेव सिंह चमारखेड़ा, चंद्र भान चमारखेड़ा, रामकिशन कंडूल, महिला नेता मोमली, रंजू व शिला आदि उपस्थित रहे।



शोरूम :- पीएलए मार्किट के सामने, रिलायंस फ्रैश के पास, दिल्ली रोड, हिसार, टेली. 1800 890 6026

# पैसा सिर्फ जमा करने से नहीं बढ़ता, उसे निवेश करना सीखो, सही जगह लगाया गया पैसा और पैसा पैदा करता है

# पैसा 'सोने' की तरह नहीं बीज की तरह रखो, सही जगह निवेश करो



**निवेश मंत्रा**
विनोद कौशिक

हर रुपया तुम्हारा एक सिपाही है जो और सैनिक ला सकता है

अगर पैसे को काम पर नहीं लगाया, तो वह खत्म हो जाएगा

आजकल हर कोई अमीर बनना चाहता है उसके लिए लगातार प्रयास भी करता है, लेकिन दिग्गज निवेशकों का कहना है कि आप सिर्फ मेहनत मजदूरी या सिर्फ नौकरी से ही अमीर नहीं बन सकते। अमीर बनने के लिए पैसे को सही जगह निवेश करना सीखो और रिस्क लो। एक कहावत भी है कि पैसे को 'सोने' की तरह नहीं 'बीज' की तरह रखो, यानी सही जगह निवेश करो। तभी पैसे बढ़ेगा। पैसा कमाने से ज्यादा उसे बढ़ाना जरूरी है। यह बात बिल्कुल सही भी है, क्योंकि पैसा सिर्फ जमा करने से नहीं बढ़ता, उसे निवेश करना सीखना बेहद जरूरी है। निवेश किया गया पैसा आपको भविष्य में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए पैसे से पैसा कमाओ, तभी आप अमीर बन पाओगे। हालांकि निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता और अपने लक्ष्यों को जांच लें, इसके बाद ही निवेश करें। इसके अलावा, निवेश करने से पहले अच्छी तरह से शोध करें और अपने वित्तीय सलाहकार से परामर्श करें। हमेशा कोशिश करें कि निवेश लंबी अवधि के लिए हो। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और चक्रवृद्धि ब्याज का लाभ मिलेगा। सही जगह लगाया गया पैसा और पैसा पैदा करता है। हर रुपया आपका एक सिपाही है जो और सैनिक लाने की क्षमता रखता है। अगर पैसे को काम पर नहीं लगाया, तो वह खत्म हो जाएगा और आप गरीब के गरीब ही रह जाएंगे।

## पैसा कमाने के ये तरीके सबसे पॉपुलर

### ऑनलाइन

1. **फ्रीलांसिंग:** अपनी क्षमताओं का उपयोग करके फ्रीलांसिंग प्लेटफॉर्म्स पर काम करें।
2. **ब्लॉगिंग:** अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करने के लिए एक ब्लॉग बनाएं।
3. **यूट्यूब:** वीडियो बनाकर यूट्यूब पर पैसे कमाएं।
4. **ऑनलाइन ट्यूशन:** अपने विषय में महारत हासिल करने वाले छात्रों को ऑनलाइन ट्यूशन दें।
5. **ई-कॉमर्स:** अपना ऑनलाइन स्टोर बनाकर उत्पाद बेचें।

### ऑफलाइन

1. **फोटोग्राफी:** अपनी फोटोग्राफी क्षमताओं का उपयोग करके शादियों, समारोहों और अन्य आयोजनों में फोटोग्राफी सेवाएं प्रदान करें।
2. **कोचिंग या ट्यूशन:** अपने विषय में महारत हासिल करने वाले छात्रों को ऑफलाइन ट्यूशन दें।
3. **हस्तशिल्प:** अपने हाथों से बनाए गए उत्पादों को बेचें।
4. **कैटरिंग:** अपनी खाना पकाने की क्षमताओं का उपयोग करके कैटरिंग सेवाएं प्रदान करें।
5. **इवेंट प्लानिंग:** समारोहों और आयोजनों के लिए इवेंट प्लानिंग सेवाएं प्रदान करें।

### अन्य तरीके

1. **शेयर मार्केट :** शेयर मार्केट में निवेश करके पैसे कमाएं।
2. **म्यूचुअल फंड :** म्यूचुअल फंड में निवेश करके पैसे कमाएं।
3. **रियल एस्टेट :** रियल एस्टेट में निवेश करके पैसे कमाएं।
4. **पेट सिटिंग :** पालतू जानवरों की देखभाल करके पैसे कमाएं।
5. **हाउस सिटिंग :** घरों की देखभाल करके पैसे कमाएं।
6. गोल्ड या अन्य धातुओं में निवेश करके भी पैसे कमा सकते हैं।

## पैसे बढ़ाने के तरीके भी बेहद कामयाब

### बचत और निवेश

1. **नियमित बचत :** हर महीने एक निश्चित राशि बचाएं।
2. **निवेश :** अपनी बचत को निवेश करें, जैसे कि शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड, या रियल एस्टेट।
3. **ब्याज दर :** उच्च ब्याज दर वाले खातों में अपनी बचत रखें।

### आय बढ़ाना

1. **नौकरी में वृद्धि :** अपनी नौकरी में वृद्धि के लिए काम करें।
2. **फ्रीलांसिंग :** अपनी क्षमताओं का उपयोग करके फ्रीलांसिंग करें।
3. **व्यवसाय शुरू करना :** अपना खुद का व्यवसाय शुरू करें।

### खर्च कम करना

1. **बजट बनाएं :** अपने खर्च के लिए एक बजट बनाएं।
2. **अनावश्यक खर्च कम करें :** अनावश्यक खर्चों को कम करें।
3. **बचत योजना बनाएं :** एक बचत योजना बनाएं और उसका पालन करें।

### शिक्षा और कौशल

1. **शिक्षा :** अपनी शिक्षा में सुधार करें।
2. **कौशल विकास :** अपने कौशल में सुधार करें।
3. **प्रमाणीकरण :** अपने कौशल के लिए प्रमाणीकरण प्राप्त करें।

### अन्य तरीके

1. **पैसे कमाने वाले ऐप्स :** पैसे कमाने वाले ऐप्स का उपयोग करें।
2. **ऑनलाइन सर्वेक्षण :** ऑनलाइन सर्वेक्षण में भाग लेकर पैसे कमाएं।
3. **पैसे कमाने वाली वेबसाइट्स :** पैसे कमाने वाली वेबसाइट्स पर काम करें।



### पल्ले गांठ बांध लें ये सूत्र

हर रुपया हमारा एक सिपाही है जो और सैनिक ला सकता है, यानी कि हमारे पैसे को निवेश करके हम और पैसा कमा सकते हैं। यह अवधारणा हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करने और उसे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। जब हम अपने पैसे को निवेश करते हैं, तो वह हमारे लिए काम करता है और हमें और पैसा कमाने में मदद करता है। इसलिए, हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और उसे बढ़ाने के लिए निवेश करते रहना चाहिए।

### भविष्य होता है सुरक्षित

जब हम अपने पैसे को सही जगह पर निवेश करते हैं, तो वह हमें और पैसा कमाने में मदद करता है। यह हमारे वित्तीय भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद करता है और हमें अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। सही जगह पर निवेश करने के लिए, हमें अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता को समझना होगा। हमें अपने पैसे को निवेश करने से पहले अच्छी तरह से शोध करना होगा और अपने वित्तीय सलाहकार से परामर्श करना होगा। इसलिए, हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और उसे बढ़ाने के लिए निवेश करना चाहिए।

### निवेश में एआई भी करेगा मदद!

1. **बड़े डेटा का विश्लेषण :** एआई अल्गोरिदम बड़े डेटा सेट्स का विश्लेषण कर सकते हैं, जैसे कि बाजार के रुझान, आर्थिक आंकड़े, और कंपनी के प्रदर्शन।
2. **पैटर्न की पहचान :** एआई पैटर्न की पहचान कर सकता है जो मानव विश्लेषकों को दिखाई नहीं दे सकते हैं।
3. **पूर्वानुमान :** एआई डेटा के आधार पर भविष्यवाणी कर सकता है कि बाजार कैसे व्यवहार करेगा।

### पोर्टफोलियो प्रबंधन

1. **पोर्टफोलियो का निर्माण :** एआई पोर्टफोलियो का निर्माण कर सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।
2. **पोर्टफोलियो का पुनर्संतुलन :** एआई पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित कर सकता है ताकि यह निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार बना रहे।

### रोबो-एडवाइजरी

1. **निवेश सलाह :** एआई रोबो-एडवाइजरी प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से निवेश सलाह प्रदान कर सकता है।
2. **व्यक्तिगत निवेश योजना :** एआई व्यक्तिगत निवेश योजना बना सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।

### जोखिम प्रबंधन

1. **जोखिम विश्लेषण :** एआई जोखिम विश्लेषण कर सकता है और निवेशक को जोखिम के बारे में सूचित कर सकता है।
2. **जोखिम प्रबंधन रणनीतियां :** एआई जोखिम प्रबंधन रणनीतियाँ बना सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।

### ये मिल सकते हैं फायदे

- **बेहतर निर्णय लेना :** एआई डेटा के आधार पर बेहतर निर्णय ले सकता है।
- **जोखिम कम करना :** एआई जोखिम विश्लेषण कर सकता है और निवेशक को जोखिम के बारे में सूचित कर सकता है।
- **निवेश की दक्षता बढ़ाना :** एआई निवेश की दक्षता बढ़ा सकता है और निवेशक के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है।



# चांदी कर सकती है पौबारह, निवेश कर उठा ले फायदा

मनी मंत्र | बिजनेस डेस्क

- अभी एक लाख के पार निकले दाम, 1.8 लाख तक जा सकती है
- ईटीएफ के जरिए इसमें किया जा सकता है निवेश
- अब तक 1,00,400 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर को छू चुकी

विदेश में मजबूत रुख के बीच स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की लगातार खरीदारी से सोना और चांदी के दाम रोज नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। अभी चांदी की कीमत एक लाख रुपये किलो के आसपास है। हालांकि यह 1,00,400 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर को छू चुकी है। जानकारों का कहना है कि इस साल चांदी की कीमतें 1.8 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक जा सकती हैं। ऐसे में चांदी में निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। इस साल चांदी के दाम में अब तक करीब 14000 रुपये की बढ़त देखने को मिल चुकी है। जानकारों का कहना है कि इसकी कीमत में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है। साल के आखिर चांदी 1 लाख 8 हजार या 1 लाख 12 हजार किलो तक जा सकती है। ऐसे में अगर आप चांदी में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो सिल्वर ईटीएफ सही ऑप्शन हो सकता है। सिल्वर ईटीएफ के जरिए आप शेयर की ही तरह चांदी में भी निवेश कर सकते हैं। बीते 1 साल में इसने 34% तक का रिटर्न दिया है।

### क्या है सिल्वर ईटीएफ

चांदी को शेयरों की तरह खरीदने की सुविधा को सिल्वर ईटीएफ कहते हैं। ये एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड हैं, जिन्हें स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीदा और बेचा जा सकता है। चूंकि सिल्वर ईटीएफ का बेंचमार्क स्पॉट सिल्वर की कीमतें हैं, आप इसे चांदी की वास्तविक कीमत के करीब खरीद सकते हैं।

### सिल्वर ईटीएफ में निवेश के लाभ

-कम मात्रा में भी खरीद सकते हैं चांदी : ईटीएफ के जरिए सिल्वर यूनिट्स में खरीदते हैं। इससे कम मात्रा में या एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए चांदी खरीदना आसान हो जाता है। सिल्वर ईटीएफ की 1 यूनिट की कीमत अभी 100 रुपये से भी कम है। यानी आप 100 रुपये से भी कम में इसमें निवेश की शुरुआत कर सकते हैं।

### चांदी रहती है सुरक्षित

इलेक्ट्रॉनिक चांदी डीमैट अकाउंट में होती है, जिसमें सिर्फ सालाना डीमैट चार्ज देना होता है। साथ ही चोरी होने का डर नहीं होता। वहीं, फिजिकल चांदी में चोरी के खतरे के अलावा उसकी सुरक्षा पर भी खर्च करना होता है।

### व्यापार की आसानी

सिल्वर ईटीएफ को बिना किसी परेशानी के तुरंत खरीदा और बेचा जा सकता है। यानी पैसों की जरूरत पड़ने पर आप जब चाहे इसे बेच सकते हैं और अपने निवेश को भुना सकते हैं।

### पोर्टफोलियो जोखिम में कमी

चांदी और सोना आदि जैसी कम जोखिम वाले एसेट्स में निवेश करके अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं। इससे उनके निवेश पोर्टफोलियो में जोखिम कम हो जाता है। चांदी में निवेश करना वैसे भी फायदेमंद माना गया है।

### सिल्वर ईटीएफ में कैसे करें निवेश

सिल्वर ईटीएफ खरीदने के लिए डीमैट अकाउंट होना जरूरी है। इसमें एनएसई या बीएसई पर उपलब्ध सिल्वर ईटीएफ के यूनिट आप खरीद सकते हैं और उसके बराबर की राशि आपके डीमैट अकाउंट से जुड़े बैंक अकाउंट से कट जाएगी। आप ग्रो, अपस्टॉक्स और पेटीएम जैसे ऐप्स के जरिए फ्री में डीमैट अकाउंट खोल सकते हैं। इसके बाद आप अपने मन पसंद का सिल्वर ईटीएफ चुन सकते हैं।

# कम बजट में शुरू कर सकते हैं ये कुछ काम, देंगे मुनाफा

आइडिया | बिजनेस डेस्क

अगर नवरात्रि में आप भी कमाने के लिए कुछ नया करना चाहते हैं तो यह बिजनेस आईडिया आपके लिए बेहतर हो सकता है। इस बार नव रात्रि 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और ये 6 अप्रैल तक चलेंगे। नवरात्रि में माता पूजन की सामग्री के साथ चुनरी, पूजा और श्रृंगार की किट की भी काफी डिमांड होती है। नवरात्रि में पूजा सामग्रियों का मार्केट करोड़ों रुपये का होता है। फल, ड्राईफ्रूट, कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सामक के चावल, पपड़ी और आलू चिप्स की इन दिनों में भारी डिमांड होती है। ऐसे में आप भी इस मौके का फायदा उठा सकते हैं। थोड़ा सा निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। इसके लिए आपको पहले से ही तैयारी शुरू करनी होगी। इसके लिए दुकान चला सकते हैं या स्टॉल लगा सकते हैं। यह छोटा बिजनेस नवरात्रि में आप पर धनवर्षा कर सकता है। इसे सीजनल बिजनेस कहा जाता है तो कम समय में अच्छा मुनाफा आपको दे सकता है।

### आसानी से तैयार हो जाएगी किट

पूजा सामग्री और श्रृंगार की किट को आप चाहे तो आसानी से घर पर ही तैयार कर सकते हैं या फिर किसी होलसेलर से खरीद सकते हैं। यदि आप यह किट घर पर बनाना चाहते हैं तो आपको थोक में माता की चूड़ियां, सिंदूर, कुमकुम,अगरबत्ती श्रृंगार का सामान, चुनरी और पूजा का सामान खरीदना होगा. या सीधे निर्माताओं से सम्पर्क कर सकते हैं। इसके बाद इन सभी चीजों को पैक करके एक अच्छी सी किट तैयार करें।

# नवरात्रि पर जमकर बरसेगा धन, शुरू कर लें ये बिजनेस

*"यदि आप भी सीजनल बिजनेस करके खूब मुनाफा कमाना चाहते हैं तो नवरात्रि से पहले ऐसा ही एक मुनाफेदार बिजनेस शुरू किया जा सकता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होने वाली है. इस दौरान माता पूजा और श्रृंगार किट की काफी डिमांड बढ़ जाती हैं. ऐसे में आप भी इस बिजनेस की शुरुआत करके नवरात्रि के कुछ ही दिनों में जबरदस्त मुनाफा कमा सकते हैं।*




## इन बातों का रखें ध्यान

### ग्राहकों और प्रतियोगिताओं को पहचानें

इस बिजनेस को शुरू करने से पहले आपको अपने लक्षित ग्राहकों की पहचान कर लेनी चाहिए। जैसे आप यह किट मंदिरों में घरों या फिर सभी जगह बेचना चाहते हैं। इसके अलावा आपको अपने इलाके के पहले से मौजूद विक्रेताओं के बारे में भी जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए। यदि आप किसी सोसाइटी या अपार्टमेंट में रहते हैं तो आप अपने आसपास के लोगों को टारगेट करके छोटे स्तर पर भी या बिजनेस शुरू कर सकते हैं, जिसे यदि आप अपने आसपास के लोगों को यह सामान घर पर मुहैया करवाते हैं तो कम समय में आपको जबरदस्त मुनाफा हो सकता है।

### सारे सामान की पहचान

आपको इस बात पर खास ध्यान देना होगा कि आपकी पूजा और श्रृंगार की किट में कोई भी सामान छूटे नहीं। जैसे रोली, सिन्दूर, चुनरी, रुई, दीपक, कुमकुम, अक्षत, मोली आदि। यदि आप थोड़े बड़े स्तर पर इस बिजनेस को शुरू करना चाहते हैं तो अन्य कई प्रकार की पूजा किटें बना सकते हैं। जैसे कि नवरात्रि पूजा किट, सत्यनारायण पूजा किट, गृह प्रवेश पूजा किट, करवा चौथ पूजा किट, दिवाली पूजा किट आदि। इस बिजनेस को कोई भी व्यक्ति घर बैठे भी शुरू कर सकते हैं इसके लिए आपको बस सामग्रियों को जुटाना है और उसकी अच्छी पैकिंग करनी है।

### आकर्षक पैकिंग

यदि आप चाहते हैं कि आपके प्रोडक्ट को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करे तो आकर्षक और टिकाऊ पैकेजिंग का उपयोग करें। इससे यह बेहतर दिखेगी। कहा भी जाता है कि जो दिखता है वही तो बिकता।

### कहां बेचें

आप ऑनलाइन या ऑफलाइन अपने बिजनेस को शुरू कर सकते हैं। पूजा सामग्री के लिए विश्वसनीय थोक विक्रेताओं की तलाश करें। इसके अलावा आप खुद की पूजा सामग्री बनाना चाहते हैं, तो निर्माताओं से संपर्क करें। यदि आप छोटे स्तर पर या बिजनेस शुरू कर रहे हैं तो अपना एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर भी इसे शुरू कर सकते हैं। इसके बाद अपने इस व्हाट्सएप ग्रुप की लिंक अन्य व्हाट्सएप ग्रुप में या सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों से प्रचार करें।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- इस बिजनेस को शुरू करने से पहले आपको सभी प्रकार के आवश्यक लाइसेंस और परमिट प्राप्त कर लेने चाहिए।
- इसके अलावा आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपका उत्पाद गुणवत्ता मानकों को पूरे कर रहे हैं।
- यदि आप अपने ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार कस्टमाइज किट उपलब्ध कराते हैं तो आपकी सेल और बढ़ सकती है।




# स्मॉल कैप फंड : 20% से ज्यादा निवेश रिस्की, सोच समझकर ही उठाएं कदम

बिजनेस डेस्क

बाजार में इन दिनों उठा-पटक जारी है। लगभग सभी फंडों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा गिरावट स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में हुई है। इससे निवेशकों को झटका लगा है और वे निवेश के अन्य विकल्प देखने लगे हैं। ऐसे में बाजार के जानकारों का कहना है कि स्मॉल कैप फंड काफी रिस्की हो चुके हैं। ऐसे में इनमें निवेश लंबी अवधी के लिए तो ठीक है, लेकिन नए निवेशकों को अभी इन फंडों में निवेश से बचना चाहिए। देखा जाए तो पिछले तीन महीनों में स्मॉल कैप फंड में 21% गिरावट आई है। कई निवेशक, जो 2023 और 2024 के बुल रन के दौरान इस सेगमेंट को लेकर बहुत उत्साहित थे, आज काफी परेशान हैं। उन्हें इस दौर से बाहर निकलने के लिए एसेट एलोकेशन और लॉन्ग टर्म इन्वेस्टिंग के मंत्र अपनाने होंगे। तभी वे अपने निवेश को बढ़ा पाएंगे और अच्छा मुनाफा हासिल कर पाएंगे। लॉन्ग टर्म आउटलुक सकारात्मक अप्रैल-सितंबर छमाही से छोटी कंपनियों की आय बढ़ने की उम्मीद है। ब्याज दरें घटने से भी इन्हें मदद मिलेगी। इसके चलते लंबी अवधि में स्मॉलकैप सेक्टर में रिकवरी हो सकती है।

### एक सेगमेंट में ज्यादा निवेश जोखिम भरा

स्मॉलकैप शेयर जैसे हाई बीटा फंड तेजी के दौरान आम रुझान से ज्यादा तेज बढ़ते हैं, लेकिन मंदी के दौरान ये ज्यादा गिरते भी हैं। अभी किसी भी एक सेगमेंट में ज्यादा निवेश से बचें। सिर्फ एक सेगमेंट में निवेश जोखिमभरा हो सकता है।

### स्मॉलकैप के मौजूदा निवेशक ये करें

लंबी अवधि के लिए भी स्मॉलकैप में निवेश इक्विटी पोर्टफोलियो के 20% तक ही सीमित रखें। इससे ज्यादा निवेश हो तो कम कर लें। ऐसे शेयरों से पूरी तरह बाहर निकलने में समझदारी नहीं है।

### नए निवेशक अभी स्मॉलकैप से बचें

पहली बार इक्विटी में निवेश करने वाले लोगों को स्मॉलकैप फंड से बचना चाहिए। इसकी जगह उन्हें लार्जकैप, फ्लेक्सी-कैप या इंडेक्स फंड (लार्जकैप इंडेक्स पर आधारित) में निवेश करना चाहिए। एक बार जब वे बाजार की अस्थिरता अच्छी तरह समझ लें तो स्मॉलकैप फंड पर विचार कर सकते हैं। कम से कम सात साल के नजरिये के साथ इन फंड्स में निवेश करना चाहिए।

### स्मॉल-कैप फंड क्या हैं

स्मॉल-कैप म्यूचुअल वैसे फंड होते हैं, जो छोटी कंपनियों में निवेश करते हैं। यानी ऐसी कंपनियां जिनके शेयरों की वैल्यू काफी कम है। इन्हें हम स्मॉलकैप कंपनियां कहते हैं। हालांकि, शेयर बाजार में लिस्टेड ऐसी कंपनियों के कारोबार में बेहतर ग्रोथ की संभावनाओं का आकलन करने के बाद ही इनकी पहचान की जाती है। मार्केट कैप के लिहाज से शेयर बाजार की शीर्ष 250 कंपनियों को छोड़कर बाकी में स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड निवेश करते हैं। स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड अपने निवेश की रकम का 65% तक छोटी कंपनियों में लगाते हैं। इसके बाद बची 35% रकम को फंड मैनेजर मिड या लार्ज कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।

# देश में चल रही कई सरकारी पेंशन स्कीम, कौन सी हो सकती है बेहतर

जानकारी | बिजनेस डेस्क

बुढ़ापे में आर्थिक स्थिरता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए वक्त पर रिटायरमेंट की प्लानिंग बहुत जरूरी है। इसके लिए सरकार कई सेविंग स्कीम चला रही है जो रिटायरमेंट के बाद फाइनेंशियल सिक्योरिटी और मानसिक शांति देती हैं। ये योजनाएं रेगुलर रिटर्न, टैक्स बेनिफिट और फाइनेंशियल सिक्योरिटी देती हैं, जो विभिन्न इनकम लेवल और रिस्क प्रिफरेंसेज को पूरा करती हैं. इन योजनाओं के जरिए रिटायरमेंट लोग अपनी जीवनशैली और स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरतों के लिए एक संतुलित वित्तीय योजना बना सकते हैं। आइए, इस रिपोर्ट में जानते हैं उन प्रमुख सरकारी स्कीम के बार में जो बुढ़ापे में रेगुलर इनकम बनाने में मददगार साबित हो सकती हैं। ईपीएफ की ईपीएफ स्कीम नौकरी पेशा लोगों यानी सैलरीड एम्प्लाई के लिए एक रिटायरमेंट सेविंग स्कीम है। इसमें नौकरी के दौरान एंप्लाई को अपनी बेसिक सैलरी का 12% हिस्सा कॉन्ट्रीव्यूट करना होता हैं। इतनी ही रकम एंप्लायर की ओर से भी जमा की जाती है। फिलहाल ईपीएफ अकाउंट में जमा पर ब्याज दर 8.25% है। यह फंड एंप्लाई के 58 साल की उम्र पूरी कर लेने में पर मैच्योर होता है, जो उसे ईपीएफ में जमा रकम पर हर साल मिले ब्याज और लमसम अमाउंट के रूप में मिलता है। इमरजेंसी जैसी स्थिति में एंप्लाई ईपीएफ खाते से कुल जमा का कुछ हिस्सा निकाल भी सकता है। ईपीएफ खाते में जमा रकम इनकम टैक्स की धारा 80 सी के तहत टैक्स डिडक्शन के लिए योग्य है।

### नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस)

**बुढ़ापे को वित्तीय रूप से सुरक्षित और चिंतामुक्त बनाए रखने लें पेंशन स्कीम**

**ये 60 साल की उम्र पूरी होने पर रेगुलर इनकम बनाए रखने में मददगार**

नेशनल पेंशन सिस्टम एक मार्केट लिंक रिटायरमेंट प्लान है जो लोगों को इक्विटी, सरकारी बॉन्ड और कॉर्पोरेट डेट में विविध निवेश के माध्यम से एक फंड बनाने की अनुमति देती है. बाजार के प्रदर्शन के आधार पर रिटर्न अलग-अलग होता है। सब्सक्राइबर धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये तक और धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एक्स्ट्रा 50,000 रुपये तक का टैक्स लाभ हासिल कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री वय वंदना योजना

प्रधानमंत्री वय वंदना योजना यानी पीएमवीवीवाई 60 साल या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाई गई एक पेंशन स्कीम है। यह 10 सालों के लिए 7.4% की गारंटीड रिटर्न प्रदान करती है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के खिलाफ फाइनेंशिल सिक्योरिटी प्रदान करती है। अधिकतम निवेश की अनुमति प्रति व्यक्ति 15 लाख रुपये है। यह योजना निवेश राशि के आधार पर एक निश्चित मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक पेंशन प्रदान करती है। मैच्योरिटी पर, मूलधन निवेशक को वापस कर दिया जाता है। पॉलिसी अवधि के दौरान निवेशक की मृत्यु होने की स्थिति में, परचेज प्राइस का भुगतान नॉमिनी को किया जाता है। इस योजना के जरिए, वरिष्ठ नागरिकों को आय का एक वैकल्पिक जरिया मिलता है। यह योजना जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा मैनेज की जाती है।

### सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम

सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम (एससीएसएस) 60 साल या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सबसे अधिक ब्याज देने वाली योजनाओं में से एक है। फिलहाल ब्याज दर 8.2% है, जो इसे जोखिम न लेने वाले निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है। इसमें अधिकतम निवेश सीमा 30 लाख रुपये है, जिसकी अवधि 5 वर्ष है, जिसे अतिरिक्त 3 सालों तक बढ़ाया जा सकता है। ब्याज का भुगतान तिमाही आधार पर किया जाता है, जिससे रेगुलर इनकम सुनिश्चित होती है। एससीएसएस में निवेश धारा 80सी के तहत टैक्स डिडक्शन के लिए योग्य है. हालांकि, इसमें मिला ब्याज टैक्स के दायरे में आता है।

### पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ)

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम एक लंबी अवधि वाली सेविंग स्कीम है। इस सरकारी स्कीम में निवेशकों को 7.1% ब्याज दर मिल रही है। इसमें 15 साल की लॉक-इन पीरियड है, जिसे 5-5 साल के लिए एक्सटेंज किया जा सकता है। मिनिमम एन्युअल निवेश 500 रुपये है, जबकि अधिकतम 1.5 लाख रुपये है। पीपीएफ को ईईई क्लास (एगजेंम्ट-एगजेंम्ट-एगजेंम्ट) का दर्जा प्राप्त है, जिसका अर्थ है कि निवेश रकम, मिले ब्याज और मैच्योरिची रकम, तीनों पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। पांच साल के बाद आंशिक निकासी और डेट की अनुमति है। पीपीएफ कम जोखिम वाले, टैक्स-एफिशिएंट ग्रोथ की तलाश करने वाले लोगों के लिए उपयुक्त है। इसकी लंबी अवधि और टैक्स बेनिफिट इसे रिटायरमेंट प्लान और फंड जुटाने के लिए एक विश्वसनीय निवेश विकल्प बनाते हैं।

### अटल पेंशन योजना (एपीवाई)

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का उद्देश्य अनऑर्गेनाइज्ड सेस्टर के श्रमिकों और निम्न आय वर्ग के लोगों को रिटायरमेंट के बाद गारंटीड पेंशन प्रदान करना है। ग्राहक 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक मंथली 1,000 से 5,000 रुपये तक के निश्चित पेंशन विकल्पों में से चुन सकते हैं। कॉन्ट्रीव्यूशन की राशि उम्र और इच्छित पेंशन राशि पर निर्भर करती है। सरकार 40 वर्ष की आयु से पहले जुड़ने वालों के लिए पांच साल के लिए ग्राहक के योगदान का 50% (1,000 रुपये तक) योगदान देती है। योगदान प्रवेश की आयु और वांछित पेंशन राशि पर निर्भर करता है।

### पीएम श्रम योगी मानधन योजना

पीएम श्रम योगी मानधन योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों और कमजोर आय वर्ग को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना उन श्रमिकों को लाभ प्रदान करती है जो असंगठित क्षेत्रों में काम करते हैं और उनकी मासिक आय 15,000 रुपये से कम होती है। 18 से 40 साल की उम्र वाले लोग इस योजना को सब्सक्राइब कर सकते हैं। इस योजना के तहत मजदूर, घरेलू कामगार, रेहड़ी-पटरी, रिक्शा-ठेला खींचने वाले और सिर-पीठ पर बोझा ढोने वाले जैसे असंगठित क्षेत्र के कामगारों को बुढ़ापे में पेंशन देने का प्रावधान है। ध्यान रहे योजना का लाभ तभी मिलेगा जब परिवार का कोई व्यक्ति सरकारी कर्मचारी नहीं होगा। पात्र व्यक्ति ईपीएफओ, एनपीएस और ईएसआईसी के अंतर्गत कवर है तो उसे योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अजय कांत बने ब्राह्मण महासभा के प्रदेश प्रभारी

**हिसार।** श्याम नगर निवासी अजय कांत जांगड़ा को अखिल भारतीय जांगिड़ महासभा, दिल्ली का हरियाणा प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल शर्मा ने अजय कांत जांगड़ा को नियुक्ति पत्र भेजते हुए कहा कि महासभा एवं समाज के प्रति आपका सराहनीय योगदान, समाज में सक्रियता एवं समाज को संगठित करने की योग्यता को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के प्रदेश प्रभारी पद पर नियुक्त किया है।

### रोडवेज कर्मचारी 3 व 4 को करेंगे भूख हड़ताल

**फतेहाबाद।** सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर प्रदेशभर में रोडवेज कर्मचारी 4 अप्रैल को सामूहिक 24 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे, जिसमें साझे मोर्चा से जुड़ी विभिन्न कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी भाग लेंगे। यह बात हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान कुलदीप पाबड़ा ने कही। वो फतेहाबाद डिपो की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ संघ के राज्य महासचिव चमन स्वामी ने भी संबोधित किया।

### महिला को भेजी अश्लील वीडियो, दो युवकों पर केस

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिले में महिला की इंस्टाग्राम आईडी पर एडिट करके अश्लील वीडियो भेजने का मामला सामने आया है। भट्टू थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर राजस्थान के चूरू जिले के तारानगर निवासी दो युवकों के खिलाफ आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(5) के तहत केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के गांव चक राजासर निवासी महिला ने कहा कि वह अब फतेहाबाद के गांव दैयड़ में रहती है। भट्टू क्षेत्र के गांव की महिला ने बताया कि उनके घर में एक ही मोबाइल है। जिसमें इंस्टाग्राम आईडी बना रखी है।

## जनरल डांस में हिमांशी व बॉलीवुड सॉन्ग में सिमरन ने मारी बाजी

# उमंग में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचाकर सभी को किया आश्चर्यचकित

- गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग का आयोजन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यार्थियों के अंदर होता है नई ऊर्जा का संचार : डॉ. बिश्नोई

हरिभूमि ▶▶ हिसार




**हिसार।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण व सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग में प्रस्तुतियां देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

राजगढ़ रोड पर स्थित गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वंदना बिश्नोई उपस्थित रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां से दर्शकों को मन मोह लिया।मुख्य अतिथि डॉ. बिश्नोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार करते हैं और विद्यार्थियों के अंदर उपस्थित विभिन्न सांस्कृतिक कौशलों का विकास करने का कार्य करते हैं।

इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने मुख्य अतिथि स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि हमें न केवल शैक्षणिक गतिविधियों में अपनी उत्कृष्ट का प्रदर्शन करना चाहिए बल्कि अपने सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। महाविद्यालय के सांस्कृतिक डीन डॉ. प्रवीण बिश्नोई की देखरेख में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में जनरल डांस, बॉलीवुड डांस, हरियाणवी सॉन्ग, फोग सॉन्ग तथा लिटरेरी हिंदी व हरियाणवी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में डॉ. सुषमा गांधी, डॉ. निर्मला राठी तथा डॉ. सुदेश शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।स्टाफ सदस्य प्रो. मनोज कुमार का पंजाबी गाने पर किया गया डांस विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

**यह रहे परिणाम**

कार्यक्रम के अंत में परिणाम घोषित किए गए जिसमें जनरल डांस में हिमांशी प्रथम, नेहा द्वितीय, अनु तृतीय स्थान पर रही। बॉलीवुड सॉन्ग में सिमरन प्रथम, संगम द्वितीय, श्रेयसी तृतीय स्थान पर रही। फाग सॉन्ग में अभिजीत प्रथम, सोनू द्वितीय तथा अनु तृतीय स्थान पर रही। हरियाणवी सॉन्ग में नवीन प्रथम, विकास द्वितीय, राधा तृतीय स्थान पर रही व लिटरेरी कार्यक्रमों में रितु प्रथम, दीपाली द्वितीय, नैंसी तृतीय स्थान पर रही। लिटरेरी हरियाणवी में विधि प्रथम, दीप्ति द्वितीय व रेखा तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में विजेता रहे विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।



**हिसार।** श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट व पीजीएसडी स्कूल संस्था के कार्यकारी प्रधान बजरंग गर्ग उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## श्री प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में श्री शिव महापुराण कथा 7 से

- 7 अप्रैल से 15 अप्रैल तक श्री शिव महापुराण कथा की तैयारियां बाबत ड्युटियां लगाई गई

हरिभूमि ▶▶ हिसार

श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट व पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की संस्था के पदाधिकारियों की मीटिंग संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में शिवालय मंदिर ट्रस्ट पड़ाव चौक में 7 अप्रैल से 15 अप्रैल तक श्री शिव महापुराण कथा की तैयारियां बाबत ड्युटियां लगाई गई। मीटिंग में प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 7 अप्रैल से भगवान श्री शिव जी भव्य कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा में महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरी द्वारा की जाएगी व 7 अप्रैल को महाशिवपुराण कथा आंरभ से पहले प्रातः 9:00 बजे भव्य महिला कलश यात्रा निकाली जाएगी शिवालय मंदिर पड़ाव से महिलाओं द्वारा कलश उठाया जाएगा। कथा हर रोज दोपहर 4 बजे से 7 बजे तक होगी।

इस अवसर पर सुरेंद्र सिंगला, ओम प्रकाश असीजा, गुलशन महाजन, जगत नारायण, सतपाल असीजा, रमेश पटवारी, सत्येंद्र कुमार गोयल, गंगा प्रसाद मौर्य, गुलाब सिंह राजा, निरंजन गोयल, मनीष कुमार, दीपक कुमार, सुनील शर्मा, रमन कुमार आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

## चार वैज्ञानिक, दो शिक्षिका व 27 गैर-शिक्षक सेवानिवृत

- एचएयू की अंतरराष्ट्रीय पहचान कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम : प्रो. काम्बोज
- हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि ▶▶ हिसार



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने तीन माह के दौरान 33 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया।कुलपति प्रो. काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढ़ींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा व उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर भी उपस्थित थे।

**तीन माह में यह हुए सेवानिवृत**

विश्वविद्यालय से गत तीन माह के दौरान चार वैज्ञानिक, दो कैंपस स्कूल शिक्षिका तथा 27 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. अमरजीत कालड़ा, डॉ. नसीब सिंह, डॉ. सतीश कुमार व डॉ. राज सिंह, स्कूल शिक्षिकाओं में मीनू मलिक व रेणू बिश्नोई शामिल है। गैर-शिक्षक कर्मचारियों में अनीता रानी, टाला राम, सुनील कुमार, छबीला, राम संजीवन, राम नारायण, भरत सिंह, राधे श्याम, कांता प्रसाद, श्रवण कुमार, उर्मिला कुमारी, जगदीश सिंह, सुभाष चन्द्र, राम पाल, तारावंती, मेवा लाल, वीना रानी, प्रवीन कुमारी, वीना रानी, योगेन्द्र सिंह, राज कुमारी, संजय कुमार, सुरेश साहू, महाबीर, धर्मबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन में पीटीएम के साथ पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

- यदुवंशी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बच्चों को दी बधाई

हरिभूमि ▶▶ हांसी



**हांसी।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते डीन नौरंग लाल व स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार तथा अन्य फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रांगण में शनिवार को नर्सरी से नौवीं और ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीन नौरंग लाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां और सह शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। यदुवंशी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने भी बच्चों और अभिभावकों को संबोधित किया और शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। और विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर मुख्य अतिथि डीन नौरंग लाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निरंतर परिश्रम करने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

## विद्यार्थी मानसिक तनाव को खेल के माध्यम से दूर करें : एसडीएम

**हिसार।** जवाहर नगर स्थित द सिनर्जी आईएएस अकेडमी में शनिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता के तौर पर एसडीएम बरवाला वेद प्रकाश बेनीवाल रहे। उन्होंने फाउंडेशन बैच व यूपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए एनसीईआरटी पुस्तकों के अध्ययन से लेकर प्रमुख समाचार पत्र, मैगजीन, महत्वपूर्ण पुस्तकों को कैसे पढ़े साथ ही एकाग्रता के साथ टाइम मैनेजमेंट और साक्षात्कार के लिए पर्सनैलिटी टेस्ट के बारे में जानकारी दी। साथ यह बताया कि सोशल मीडिया से दूर कैसे रहे, मानसिक तनाव को खेल के माध्यम से कैसे दूर करें, विद्यार्थी को कैसा भोजन करना चाहिए आदि के बारे में अपने अनुभव शेयर किया। इस मौके पर अकेडमी संचालक मोनू अहलावत व असिस्टेंट प्रोफेसर हेमंत अहलावत, अजय बुडानिया, मोनू सैनी ने भी परीक्षा से संबंधित बुनियादी व प्रमुख जानकारी साझा की।



**हिसार।** सेमिनार में उपस्थित एसडीएम वेदप्रकाश बेनीवाल, अकेडमी संचालक मोनू अहलावत व अन्य।

## शिव मंदिर में नवरात्रे महोत्सव कल से

**हिसार।** एमसी कॉलोनी स्थित श्री शिव मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक नवरात्रे महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

मंदिर ट्रस्ट की प्रधान रामअवतार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि इस उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रे महोत्सव के पहले दिन सैंकड़ों अखंड ज्योतें जलाई जाएंगी।

## बीस विद्यार्थियों को मिली नौकरी, खिले चेहरे

- राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर में करियर उड़ान का हुआ आयोजन

हरिभूमि ▶▶ मंडी आदमपुर



**मंडी आदमपुर।** एचआर मैनेजर अंकित को गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर में प्रतिष्ठित कंपनी दाना आनंद इंडिया प्राइवेट लि. धारूहेड़ा (रेवाड़ी) की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर और सीडीएल राजकीय बहुतकनीकी चोपटा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें योग्य छात्रों को बेहतरीन करियर अवसर प्रदान किए गए।यह प्लेसमेंट ड्राइव मुख्य रूप से मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखाओं के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। कंपनी ने कुल 70 छात्रों का साक्षात्कार लिया और उनके कौशल और योग्यताओं के आधार पर 20 छात्रों का चयन किया। इनमें से 10 छात्र मैकेनिकल इंजीनियरिंग (राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर) से दो छात्र इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग (राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर) से व आठ छात्र इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (सीडीएल राजकीय बहुतकनीकी चोपटा) से चयनित हुए।

## समस्याओं के समाधान को लेकर नप चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि ▶▶ हांसी

शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने शहर की समस्याओं को लेकर समिति अध्यक्ष सरदार कृष्ण इलावादी की अगुवाई में नगर परिषद चेयरमैन प्रवीन इलावादी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह व मदन लाल ढींगड़ा पार्क में लगातार फैन्सी लाइटें चोरी हो रही है। पार्क में सफाई नहीं हो पा रही है जिससे पार्क में लगातार कूड़ा कर्कट जमा हो रहा है। शहीद पार्क के पास रेहड़ी वालों ने तम्बू लगाकर रेहड़ियां लगा रखी हैं जिससे पार्क की सुन्दरता खराब हो रही है। पार्क में माली नहीं होने के कारण पेड़-पौधे खराब हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त पार्कों के बाहर नेता व व्यापारियों ने गैर कानूनी तरीके से दुकानों के होर्डिंग्स लगा रखे हैं। इसके अलावा शहर में बंदरो व कुत्तों का शहर में आतंक है। चेयरमैन प्रवीन इलावादी ने समिति सदस्यों को जल्द ही समास्याओं का समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर किशोरी नागपाल, सरदार अनमोल सिंह, रामस्वरूप खट्टर, डॉ. मुन्ना माली, सन्नी नायक आदि पदाधिकारी मौजूद थे।



हांसी : चेयरमैन प्रवीण ऐलावादी को ज्ञापन सौंपते समिति सदस्य

## परिवार धर्मार्थ ट्रस्ट ने अमावस्या पर लगाया भंडारा

हरिभूमि ▶▶ हिसार

श्री राम दरबार सेवक परिवार धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा शनिचरी अमावस्या पर नागोरी गेट में सिटी थाना रोड स्थित नालबंद गली के बाहर शुद्ध घी से निर्मित प्रशाद, वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशाद वितरण के कार्यक्रम से पूर्व श्रीबाला जी की पूजा की गई। इस अवसर पर बालाजी के सुंदर भजनों का भी गायन किया गया। श्रीबालाजी के भक्त रत्न गोयल के सानिध्य में आरती का कार्यक्रम हुआ। उसके उपरांत राहगीरों के लिए पूरी, हलवा, सब्जी व मिक्स वेज का प्रसाद वितरण किया गया।



## प्लेसमेंट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि ▶▶ हिसार

प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने बताया कि प्लेसमेंट के लिए बीएड द्वितीय वर्ष व बीएड उत्तीर्ण किए हुए सभी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें लगभग 70 की संख्या में विद्यार्थी पहुंचे। विभिन्न स्कूलों से आए एक्सपर्ट्स ने विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया। इंटरव्यू के पश्चात एक्सपर्ट्स की टीम के सदस्यों सिम्मी, मीनाक्षी व पूनम ने इंटरव्यू से संबंधित बहुत महत्वपूर्ण टिप्स देकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी किया। सैनिक स्कूल से आए कर्नल डीवी नहरा ने विद्यार्थियों को कामयाब होने के लिए बेहतरीन सुझाव दिए।



हिसार । प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक के साथ इंटरव्यू लेने पहुंचे एक्सपर्ट्स व अन्य।

**गोष्ठी** जीजेयू में बजट चर्चा पर एक गोष्ठी का हुआ आयोजन, बजट पर सभी ने रखे अपने विचार

# बजट से प्रदेश में विकास के खुलेंगे नए द्वार : प्रो. कर्मपाल

हरिभूमि ▶▶ हिसार

पंचनद शोध संस्थान द्वारा गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नव संवत्सर 2082 की पूर्व संध्या पर 'बजट 2025: समृद्ध और विकसित हरियाणा की ओर' विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में गुजवि के प्रो. कर्मपाल सिंह प्रस्तोता जबकि सेवानिवृत प्राचार्य एवं भारतीय विकास परिषद वीर शाखा के अध्यक्ष रमेश आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। राज्य सूचना आयुक्त प्रो. जगबीर सिंह भी इस गोष्ठी में उपस्थित रहे।



**हिसार :** प्रस्तोता प्रोफेसर कर्मपाल सिंह गोष्ठी को संबोधित करते हुए।

प्रोफेसर कर्मपाल सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि बजट में आय-व्यय के खर्चे का ब्यौरा एवं राजकोषीय घाटे का उल्लेख किया जाता है। बजट में प्रदेश को एक विकसित और आदर्श राज्य बनाने के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने के साथ-साथ महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को शुरू करने की घोषणाएं की गई हैं। बजट में प्रदेश के सभी 22 जिलों के लिए लोगों की प्राथमिकताओं के अनुरूप सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिए योजनाओं एवं विकास कार्यों को शुरू किया जाएगा। प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने, अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने, ग्रामीण विकास के आधारभूत ढांचे की संरचना तैयार करने, सिंचाई प्रणाली, कृषि एवं बागवानी क्षेत्र के साथ-साथ शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान चलाने का बजट में विस्तार से उल्लेख किया गया है।डॉ. जगबीर सिंह ने बताया कि बजट में कृषि क्षेत्र के लिए सर्वाधिक 38 घोषणाएं की गई हैं। इससे प्रदेश के किसानों कि आर्थिक स्थिति में सुधार होने के साथ-साथ अनाज उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बजट में चार बड़ी घोषणाएं की हैं जिनके माध्यम से प्रदेश में महिलाओं, किसानों, छात्रों और खिलाड़ियों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा।

**गोष्ठी में ये रहे मौजूद**

सेवानिवृत प्राचार्य रमेश आर्य ने बताया कि हरियाणा को विकसित प्रदेश बनाने के लिए नीति निर्धारकों द्वारा आगामी दशक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला-सशक्तिकरण और न्यायोचित कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केन्द्र हिसार के संरक्षक ज्ञानचंद बंसल, सचिव डॉ. मोहित कुमार, प्रोफेसर एनके बिश्नोई, सेवानिवृत जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. दलबीर सिंह सैनी सहित अनेक पदाधिकारी व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बैडमिंटन नर्सरी के लिए खिलाड़ियों का चयन 4 से

हरिभूमि ▶▶ हिसार

खिलाड़ियों की प्रतिभा तराशने के लिए हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप की दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम स्थित बैडमिंटन नर्सरी की ट्रायल का आयोजन 4 से 7 अप्रैल तक किया जाएगा जिसमें कोई भी खिलाड़ी किसी भी एक दिन ट्रायल के लिए आ सकता है। ट्रायल के लिए हरियाणा के सभी जिलों के बच्चे (लड़के और लड़कियां) भाग ले सकेंगे। ट्रायल की प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शाम तक चलेगी। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच सुरेंद्र कुमार और वीरेंद्र कुमार बताया कि अकादमी में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं दी जा रही हैं तथा अभ्यास के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का वातानुकूलित बैडमिंटन हाल बनाया गया है जिसमें सात वुडन व सिंथेटिक कोर्ट हैं। नर्सरी के खिलाडियों को प्रतिदिन अभ्यास के लिए भरपूर मात्रा में शटल जो कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इस्तेमाल होती हैं, वो विभाग की तरफ से खिलाड़ियों को मुफ्त में दी जाती है तथा नर्सरी के 24 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए विभाग के दोनों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच सुरेंद्र कुमार और वीरेंद्र कुमार को लगाया गया है।

## खबर संक्षेप



बरवाला। सरसों की फसल का निरीक्षण करते अधिकारी पारस और मानस। फोटो : हरिभूमि

### चंडीगढ़ की टीम ने गोदामों का किया औचक निरीक्षण

**बरवाला।** राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ चंडीगढ़ की टीम द्वारा बरवाला अनाज मंडी में आढतियों के व्यापारिक प्रतिष्ठानों का और गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। टीम में शामिल अधिकारी पारस और मानस ने बताया कि इस निरीक्षण में गोदामों में रखी सरसों की फसल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गोदामों में रखी सरसों में जो कमियां पाई गई उनको सही करने के मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अब तक 14 हजार क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है। सरसों की खरीद 15 मार्च से आरंभ की गई थी। सरसों की खरीद आगे भी जारी रहेगी। गोदामों में रखी सरसों में और सरसों की खरीद में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी।



हिसार। सलाद सजाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्राएं व स्टाफ सदस्य।

### सलाद सजाओ प्रतियोगिता में ज्योति रही प्रथम

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार के गृह विज्ञान विभाग द्वारा सलाद सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के 30 छात्राओं ने भाग लिया इस प्रतियोगिता का आयोजन गृह विज्ञान की विभाग अध्यक्ष डॉ. शशिकला यादव ने किया। प्रतियोगिता में डॉ. नीलम दहिया, प्रो. सतीश सिंगला और प्रो. विपिन बब्बर ने निर्णायक मंडल की भूमिका बखूबी निभाई । छात्राओं ने बहुत ही सुंदर तरीके से विभिन्न आकृतियों में सलाद की सजावट की। इस प्रतियोगिता में ज्योति ने प्रथम, निकिता ने द्वितीय तथा मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने बधाई दी तथा सलाद का हमारे स्वस्थ जीवन के लिए महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अपने आहार में नियमित रूप से सलाद का प्रयोग करने का आह्वान किया तथा अपना इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में हुनर दिखाने के लिए प्रेरित किया।

### शनिचरी अमावस्या पर मेले का आयोजन

**मंडी आदमपुर।** शनिचरी अमावस्या पर भादरा रोड स्थित शनि मंदिर एवं कृष्ण गोशाला समिति द्वारा संयुक्त रूप से मेले का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शनि महाराज के दर्शन कर पूजाअर्चना की। सेवा समिति की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रधान नवीन बेनीवाल, सचिव कमल बंसल, उप प्रधान सोनू मंडडेरना, संदीप गोयल, अजीत जाखर, राजपाल, विनोद कुमार, बजरंग शर्मा सहित अनेक समाजसेवियो ने अपनी सेवाएं दी।

### किसानों व व्यापारियों को परेशानी नहीं होगी : यादव

**मंडी आदमपुर।** मार्केट कमेटी के सचिव राहुल यादव ने बताया कि मंडी में सरसों का गेहूं की खरीद के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। खरीद के दौरान किसानों व व्यापारियों को कोई परेशानी नहीं होनी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पीने के पानी व सफाई के भी समुचित व्यवस्था की गई है ताकि किसानों को पीने का स्वच्छ जल मिल सके। सभी पानी के टैंक व कुलरों की सफाई करवा दी गई है ताकि कोई परेशानी न होने पाए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वह फसलें सूखा कर मंडी में लाएं ताकि उन्हें बेचने में परेशानी न होने पाए।

## स्वामी दीप्तानंद कन्या गुरुकुल घिराय का वार्षिकोत्सव आयोजित

# समाज के उत्थान में गुरुकुल शिक्षा पद्धति का अहम योगदान : गंगवा

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा रहे मुख्य अतिथि

- गुरुकुल में भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान शैक्षणिक ब्लॉक का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

गुरुकुलों की विशेषता है कि यहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारित भी किया जाता है। इसीलिए यहां से शिक्षा ग्रहण करने के बाद विद्यार्थी जिस भी क्षेत्र में जाते हैं वहा अच्छे कर्मों से सुगंध फैलाने का काम करते हैं।

यह बातें कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने शनिवार को घिराय गांव स्थित स्वामी दीप्तानंद कन्या गुरुकुल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। इससे पूर्व मुख्यातिथि रणबीर गंगवा तथा विधायक विनोद भयाना ने गुरुकुल परिसर में भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान के तीन कमरों वाले शैक्षणिक ब्लॉक का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री ने गुरुकुल के विकास के लिए 11 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। कैबिनेट मंत्री ने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार देना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अपराधों को रोकने के लिए सराहनीय कदम उठाए हैं और कई प्रकार के कड़े नियम भी बनाए हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराइयों को जड़ से खत्म करने के लिए, हमें बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाना होगा। और इस दिशा में प्रदेश के सभी गुरुकुल शानदार काम कर रहे हैं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे विधायक विनोद भयाना ने कहा कि भारत की पुरानी संस्कृति को आगे बढ़ाने में गुरुकुलों का बहुत बड़ा योगदान है। इस गुरुकुल की शिक्षा दीक्षा भी बेहतरीन है। इस अवसर पर गांव के सरपंच संदीप कुमार, गुरुकुल के संरक्षक रामकुमार, सचिव अजीत कुमार बंसल, सुरेश खीचड़, गुरुकुल प्राचार्या सुनीता देवी सहित क्षेत्र के अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



हांसी। वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भयाना व अन्य।

**फिरनी की मांग**

इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से गांव फिरनी बनवाने की मांग रखी। कैबिनेट मंत्री ने इस मांग को तुरंत पूरा करते हुए कहा कि जल्द ही इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। समारोह में गुरुकुल की मेधावी छात्राओं तथा शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।

# छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर : डॉ. एकता सिंधु

- इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी और पुरस्कार वितरण समारोह
- चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में शनिवार को किंडरगार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने शिरकत की।

चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों की सफलता पर हर्ष जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इसी तरह निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। चेयरपर्सन डॉ. सिंधु ने सभी प्रतिभाशाली बच्चों व उनके अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि उनके बच्चों को विद्यालय में हर संभव सुविधा के साथ-साथ गुणवत्ता व संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जाएगी। आज के बच्चे ही कल देश का भविष्य होंगे।

**फीडबैक लिया : राठी**

विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राठी ने कहा कि माता-पिता ने उत्सुकता से फीडबैक प्राप्त किया और अपने बच्चे की शैक्षिक यात्रा को बेहतर ढंग से समझने के लिए शिक्षकों के साथ सार्थक चर्चा की। प्रधानाचार्या ने बताया कि विद्यालय में फाउंडेशन कोर्स की विशेष कक्षा लगाई जाती है जिसके माध्यम से विद्यार्थी ओलंपियाड,एनईईटी, आईआईटी, जेईई और सीयूईटी परीक्षाओं आदि में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय में समय-समय पर मॉक टेस्ट और माइनर टेस्ट करवाए जाते हैं। स्कूल की ओर से एक्स्ट्रा क्लास का आयोजन किया जाता है। विद्यालय में एक भव्य खेल अकादमी का निर्माण किया गया है जिसमें विद्यार्थी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

अभिभावकों ने कहा कि इंडस स्कूल अपने उत्कृष्ट परिणामों के कारण ही शहर में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। परीक्षा परिणाम सुनकर विद्यार्थियों और माता-पिता के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सुन्दर प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिभावकों का मन मुग्ध कर लिया।

# शिविर में 22 बुजुर्गों को नेत्र ज्योति मिली

- दिव्यांग केंद्र में निशुल्क नेत्र जांच व फ्री ऑपरेशन शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में गोयल परिवार द्वारा युवराज गोयल के जन्मदिवस पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर में जिन बुजुर्गों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनका नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में निशुल्क किया गया। इस फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर से 22 बुजुर्गों को नेत्र ज्योति मिली है। सलेमगढ़ वाले चंद्रभान गोयल व रामभतेरी गोयल ने रचनात्मक सोच का परिचय देते हुए अपने पड़पौत्र युवराज गोयल के तीसरे जन्मदिवस के अवसर पर सेवार्थ भाव से नेत्र जांच व नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। इस दौरान दिव्यांग केंद्र के पीएसटी प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल सीए, रामबाबू सिंगल, सीताराम मंगल व ईश्वर गोयल बड़ोपलिया सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग व दिव्यांग केंद्र के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



हिसार। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में फ्री नेत्र जांच व नेत्र ऑपरेशन के दौरान उपस्थित बुजुर्ग, अतिथिगण व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# 585 पुलिस कर्मियों ने दी पदोन्नति के लिए बी- 1 परीक्षा

- एडीजीपी डॉ. रवि किरण ने परीक्षा केंद्र का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार मंडल में सिपाही से मुख्य सिपाही की पदोन्नति के लिए होने वाली ऑनलाइन बी-1 परीक्षा का आयोजन हुआ। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कंप्यूटर लैब मे इस परीक्षा का आयोजन किया गया।

हिसार मंडल के सभी छह जिलों से 585 पुलिस कर्मचारी इस परीक्षा के लिए पात्र हैं जिनमें से 582 पुलिस कर्मचारियों ने इस परीक्षा में भाग लिया । जिला हिसार से 148 पुलिस जिला हांसी से 139 जिला जींद से 106 जिला फतेहाबाद से 105 जिला सिरसा से 65 व पुलिस जिला डबवाली से 19 प्रतिभागी थे। इस दौरान एडीजीपी ने परीक्षा केंद्र को निरीक्षण किया । परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए एडीजीपी हिसार मंडल डॉ. एम. रवि किरण की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया था । इस कमेटी में भिवानी एसपी नीतीश अग्रवाल, हिसार एसपी शशांक कुमार सावन इसके सदस्य है । इस परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों का फिजिकल व परेड टेस्ट लिया जाएगा । बी-1 परीक्षा में चयन होने उपरांत 4-6 माह के कोर्स के लिए पुलिस ट्रेनिंग कॉलेजों में भेजा जाता है, जहां इन्हें नैतिक मूल्यों, अनुशासन के साथ अनुसंधान की बारीकियों बारे भी पढ़ाया जाता है ।



हिसार। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एडीजीपी डॉ. एम रवि किरण।

**पदोन्नति की सीढ़ी**

इस अवसर पर हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ एम. रवि किरण ने कहा कि बी-1 की परीक्षा, पुलिस में पदोन्नति की पहली सीढ़ी है । हर पुलिस कर्मचारी में आगे बढ़ने व पदोन्नती पाने का जज्बा होता है, पदोन्नति की यह पहली सीढ़ी है जो पुलिस अधिकारी बनने के सपनों का साकार करती है ।

# एसडब्ल्यूसी और गुजविप्रौवि के बीच हुआ एमओयू

- गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के छात्र भारतीय सेना से मिलकर करेंगे शोध कार्य : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि विश्वविद्यालय के छात्र स्वदेशीकरण, शोध तथा विकास के क्षेत्र में भारतीय सेना के दक्षिण-पश्चिम कमांड के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करेंगे।

यह सब इसलिए हो पाया है कि विश्वविद्यालय ने हाल ही में भारतीय सेना के दक्षिण-पश्चिम कमांड (एसडब्ल्यूसी) के हिसार कैंट स्थित मिलिटरी स्टेशन में एसडब्ल्यूसी तथा गुजविप्रौवि के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग किया है। एसडब्ल्यूसी की तरफ से जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंद्र, एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम ने तथा गुजविप्रौवि की तरफ से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रतिनिधि के रूप में एसडब्ल्यूसी की ओर से एमजीईएमई मेजर जनरल रविन्द्र सिंह, ब्रिगे. अजोय शर्मा, सीओ, 633 ईएमई बीएन कर्नल मधुर विदवंस व लेफ्टिनेंट कर्नल अमित डागर तथा गुजवि की ओर से कुलसचिव डा. विजय कुमार व डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह ने हस्ताक्षर किए।



हिसार। मिलिटरी स्टेशन में एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए जीओसी–इन–सी लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंद्र सिंह व कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

**मील का पत्थर**

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि एसडब्ल्यूसी और गुजविप्रौवि के बीच यह एमओयू वर्तमान समय की आर एंड डी संबंधी चुनौतियों को लेकर एक मील का पत्थर साबित होगा। यह एमओयू एसडब्ल्यूसी तथा गुजविप्रौवि के लिए सेना के विशेष वाहनों, प्लेटफॉर्मों और उपकरणों, सॉफ्टवेयर विकास, रोबोटिक्स, हथियार प्रणाली एकीकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), संचार डिजाइन तथा विकास गतिविधियों के क्षेत्र में अनुसंधान व नवाचार के लिए मंच प्रस्तुत करेगा। एसडब्ल्यूसी गुजवि की प्रयोगशालाओं तथा अन्य संबंधित विशेषज्ञता का लाभ ले सकेगा जबकि गुजवि भी कोर्सों के संचालन में एसडब्ल्यूसी की विशेषज्ञता का लाभ ले सकेगा।

# लोकहित मंच ने किया भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 का जारी कलेंडर

- हिंदू नववर्ष ही वास्तव में हमारे लिए नववर्ष : रतेरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सामाजिक संस्था लोकहित मंच द्वारा भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में लोगों की सुविधा के लिए विक्रमी सम्वत 2082 के अनुसार कैलेंडर तैयार करवाया है। इसका शनिवार को संस्था अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया द्वारा विमोचन किया गया। यह कलेंडर हिंदू महीनों के अनुसार तैयार किया गया है, जिसमें सभी प्रमुख व्रतों, त्योहार व छुट्टियों को दर्शाया गया है।

संस्था के महासचिव मनमोहन तायल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हमारी संस्कृति से हमारे लोग परिचित हो, इसको मद्देनजर रखते हुए यह कलेंडर तैयार करवाया गया है। एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि हिंदू नववर्ष ही वास्तव में हमारे लिए नववर्ष है। दरअसल भारतीय कलेंडर की गणना सूर्य, चंद्रमा की गति के अनुसार होती है। माना जाता है कि दुनिया के तमाम कलेंडर किसी न किसी रूप में भारतीय कलेंडर का ही अनुसरण करते हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुनील दूहन, महासचिव मनमोहन तायल, कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता, राजकुमार वर्मा, सांस्कृतिक सचिव विपिन बाबा, कपिल बंसल, गौरव भारतीय आदि उपस्थित रहे।



हांसी। विक्रमी संवत 2082 का कैलेंडर जारी करते लोकहित मंच के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया व अन्य सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

## लुवास में नव पशु-चिकित्सक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

# पशु चिकित्सक कर रहे नवजीवन की शुरुआत

- सभी चिकित्सा क्षेत्रों में पशु चिकित्सक सर्वोत्तम चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के वर्ष 2019 बैच के 79 नव-प्रशिक्षित स्नातक छात्रों के लिए पशु-चिकित्सक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इनमें 25 छात्राएं और 54 छात्र शामिल है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) नरेश जिंदल मुख्य अतिथि रहे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग, विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान, डॉ. दीपक कुमार, जनरल मैनेजर कैरस लिमिटेड, डॉ. ज्ञान सिंह व डॉ. सोनू गेस्ट ऑफ़ ऑनर के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग ने की।

दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ समारोह की शुरुआत की गई। इसके तुरंत बाद नव-प्रशिक्षित स्नातकों को पशु-चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग ने शपथ दिलाई। शपथ समारोह के बाद मुख्य अतिथि द्वारा नव प्रशिक्षित स्नातक विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कंप्लीशन सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. (डॉ.) नरेश जिंदल ने कहा कि सभी नव पशु चिकित्सकों के लिए यह दिन विशेष है। नव-पशु चिकित्सक नयी जिन्दगी की शुरुआत कर रहे हैं, जो उनके पिछले पांच वर्षों की अथक मेहनत एवं निरंतर परिश्रम का परिणाम है। सभी चिकित्सा क्षेत्रों में पशु चिकित्सक सर्वोत्तम चिकित्सक हैं, क्योंकि वे उनकी मदद करते हैं, जो बेजुबान हैं और अपने दर्द को बयां नहीं कर सकते हैं इसलिए पशु चिकित्सक की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। इस अवसर पर लुवास विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, आईपीवीएस निदेशक डॉ. पवन कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. अनीता दलाल ने किया।






**अनुभव किए साझा**

इस अवसर पर शपथ लेने वाले नव पशु चिकित्सा छात्रों में से डॉ. श्वेता व डॉ. नसरीन ने डिग्री के दौरान के अनुभव साझा किए व डॉ. अक्षय ने अपने सभी दोस्तों को याद करते हुए एक कविता प्रस्तुत की।

# बॉक्सिंग में किरन गोदारा ने जीता रजत पदक

- आठवीं एलीट महिला नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन बॉक्सिंग ट्रेनिंग सेंटर आदमपुर स्टेडियम की महिला मुक्केबाज़ किरन गोदारा ने आठवीं एलीट महिला नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 80 किलो भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया है। हाल ही में हुई इस प्रतियोगिता में किरण ने अखिल भारतीय पुलिस की तरफ़ से खेलते हुए यह उपलब्धि पाई।

सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन के खेल इंचार्ज सूबे सिंह बेनीवाल ने बताया कि आदमपुर के जवाहर नगर निवासी श्रीराम गोदारा की बेटी किरन गोदारा ने सात साल पहले सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन बॉक्सिंग ट्रेनिंग सेंटर आदमपुर स्टेडियम में फ़ाउंडेशन के प्रतिभाशाली कोच लक्ष्मण रावत की देखरेख में खेलना शुरू किया था। इससे पहले किरन गोदारा ने खेलो इंडिया राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त कर स्पोर्ट्स कोटे में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में हवलदार के पद पर नियुक्त हुई थी।

सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन द्वारा जिला के भिन्न- भिन्न गांव में लगभग 50 खेल का केंद्र स्थापित किए हुए हैं। इनमें भिन्न-भिन्न खेलों के लगभग 2500 लड़के-लड़कियां खेलों के माध्यम से अपने सपनों को साकार कर रहे हैं और अब तक 33 लड़के-लड़कियां स्पोर्ट्स कोटे में पैरामिलिट्री फोर्सेसी व हरियाणा गवर्नमेंट में नौकरी लग चुके हैं।

